[22/12/2022]

प्रश्न सं. [क्र. 1138] परिशिष्ट-3

जॉच प्रतिवेदन

प्रति,

मुख्य नगर पालिका अधिकारी महोदय
नगर पालिका परिषद छतरपुर म.प्र.

विषय :- अपात्र मनोज ताम्रकार, विनोद, अरविंद ताम्रकार, संजीव ताम्रकार को आवास योजना की प्राप्त राशि की जॉच के संबंध में।

संदर्भ :- आपका पत्र क्रमांक 7375 दिनांक 11/11/22

----000----

आदेश पालन में स्थल पर उक्त भवनों का निरीक्षण किया जिसका जॉच प्रतिवेदन निम्नानुसार है-

1. सीमा ताम्रकार पत्नी मनोज ताम्रकार वार्ड क्रमांक 09 के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत आवेदन प्रस्तुत किया गया था जिसकी गठित टीम के द्वारा जॉच कर डी.पी.आर. 2065 में स्वीकृत किया गया था जिसके अंतर्गत प्रथम किश्त प्रदाय की गई।
2. संजीव कुमार ताम्रकार तनय स्व. श्री बाबूलाल ताम्रकार वार्ड क्रमांक 09 के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत किया गया था। जिसकी गठित टीम के द्वारा जॉच कर डी.पी.आर. 2065 में स्वीकृत किया गया था। जिसके अंतर्गत प्रथम किश्त जारी की गई थी। हितग्राही के द्वारा स्थल पर कार्य स्लेव लेवल तक पूर्ण किया जा चुका है।
3. श्रीमति सविता पत्नी श्री अरविन्द ताम्रकार वार्ड क्रमांक 09 के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत आवेदन प्रस्तुत किया गया था जिसकी गठित टीम के द्वारा जॉच कर डी.पी.आर. 1557 में स्वीकृत किया गया था जिसके अंतर्गत प्रथम किश्त द्वितीय किश्त प्रदाय की गई आवेदक द्वारा स्लेव एवं बाउण्ड्री का कार्य पूर्ण किया जा चुका है।
4. मीना ताम्रकार पत्नी विनोद ताम्रकार वार्ड क्रमांक 09 के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत आवेदन प्रस्तुत किया गया था जिसकी गठित टीम के द्वारा जॉच कर डी.पी.आर. 2100 में स्वीकृत किया गया था जिसके अंतर्गत प्रथम द्वितीय एवं अंतिम किश्त जारी की गई थी। हितग्राही द्वारा कार्य पूर्ण किया जा चुका है।

उपरोक्त चारों हितग्राहियों के द्वारा राशन पर्ची का आवेदन प्रस्तुत कर शासन की निर्धारित शर्तों के अंतर्गत लाभ प्राप्त किया जा रहा है। उक्त आवेदकों के द्वारा अवैध रूप से लाभ नहीं लिया जा रहा है। शासन के नियमानुसार लाभ प्राप्त किया जा रहा है। जॉच प्रतिवेदन आवश्यक कार्यवाही हेतु सम्प्रेषित है।

बाबूराम चौरसिया उपयंत्री
नगर पालिका परिषद छतरपुर

नजर अहमद अंसारी उपयंत्री
नगर पालिका परिषद छतरपुर

शशि प्रभा सिंह उपयंत्री
नगर पालिका परिषद छतरपुर

संदीप रैकवार सहायक लेखापाल
नगर पालिका परिषद छतरपुर

सचिन परिहार एजिस फील्ड इंजीनियर
नगर पालिका परिषद छतरपुर

उमाशंकर खरे सहायक ग्रेड-3
नगर पालिका परिषद छतरपुर

अनुभाग अधिकारी
मध्यप्रदेश शासन
नगरीय विकास एवं आवास विभाग

उपयंत्री
नगरीय प्रशासन एवं विकास म.प्र.
भोपाल